RNI NO.- MPBIL/2020/79198

# उद्घोष समय

वर्ष 05 अंक 83 | सतना, शुक्रवार 12 सितंबर,2025 | पृष्ठ: 4, मूल्य : 1 रूपए

## छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, 1 करोड़ के इनामी समेत 10 नक्सली ढेर



**नई दिल्ली एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया है। इस एनकाउंटर में एक करोड़ का इनामी नक्सली सीसी मेंबर बालकृष्णा भी मारा गया है। एसपी निखिल राखेचा ने इसकी पुष्टि की है। रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि गरियाबंद में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है और रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। कुछ नक्सलियों के मारे जाने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक मारे गए नक्सलियों में सीसी सदस्य मनोज उर्फ मॉडेम बालकृष्ण को भी ढेर कर दिया गया है, जो संगठन का बड़ा चेहरा माना जाता था। सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई को नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। आईजी अमरेश मिश्रा ने ये भी बताया कि गरियाबंद में गुरुवार (11 सितंबर) सुबह से नक्सल विरोधी अभियान जारी है। सुबह से ही मुठभेड़ चल रही है। रायपुर के पुलिस महानिरीक्षक ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। वहीं छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में 16 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। इन नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि सभी 16 नक्सली निचले स्तर के कैडर थे और जनताना सरकार, चेतना नाट्य मंडली और माओवादियों की पंचायत मिलिशिया के सदस्यों सहित विभिन्न इकाइयों से जुड़े थे। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में गुरुवार (11 सितंबर) को नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ के दो जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 10।30 बजे इंद्रावती नदी पर बने सातधार पुल के पास हुई, जब सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन का एक दल मालेवाही थाना क्षेत्र स्थित अपने शिविर से एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन पर निकला था।

# प्रदेश के विद्यार्थी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा और योग्यता करें स्थापित : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रतिभाशाली 7832 विद्यार्थियों को वितरित की स्कूटी



### राज्य सरकार विद्यार्थियों को हरसंभव प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए तत्पर

**भोपाल एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बच्चों के लिए बेहतर भविष्य का अवसर है। प्रदेश के विद्यार्थियों को स्कूटी, लैपटॉप, साइकिल, कॉपी-किताबें सहित अनेक सौगातें मिल रही हैं। इसी क्रम में आज स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्कूल के टॉपर रहे 7 हजार 832 बच्चों को स्कूटी दी गई है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप प्रतिभावान विद्यार्थियों को गति से आगे बढ़ने के लिए उपलब्ध कराया गया साधन है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम स्कूटी से आगे बढ़ इन विद्यार्थियों को मंत्री और अधिकारी के रूप में देश-प्रदेश की व्यवस्थाओं का संचालन कर, जनसामान्य का कल्याण और सेवा करते हुए देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी वितरण और 20 लाख से अधिक बालिकाओं को सैनिटेशन एवं हाइजीन के लिए 61 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिसर में स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्रा कु. हर्षिता के साथ स्कूटी की सवारी की और उपस्थित विद्यार्थियों का अभिवादन कर उनसे संवाद भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हितग्राही विद्यार्थियों ने समूह चित्र भी खिचवाया।

### विश्व के बड़े से बड़े मंच की गरिमा प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी से ही होती है पूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में विश्व में भारत का समय चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं। भारतीयों ने ऐतिहासिक रूप से हर मुश्किल परिस्थिति में अपनी क्षमता और योग्यता के आधार पर दुनिया में पहचान बनाई है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं। ब्रिटिश राज के दौरान उन्होंने अपनी योग्यता के बल पर भारतीयता की श्रेष्ठता विश्व में स्थापित की। आज भारत में लोकतंत्र की सबसे अच्छी खूबसूरती है कि यहां सामान्यजन भी देश और राज्य का सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी इसके श्रेष्ठतम उदाहरण है। वर्तमान में विश्व के बड़े से बड़े मंच की गरिमा प्रधानमंत्री श्री मोदी की मौजूदगी से ही पूर्ण होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बदलते दौर में भारत, विश्व में नई तकनीकें अपनाने में अग्रणी है। दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। आज भारत अंतरिक्ष विज्ञान सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी देश में हो रहे नवाचारों, खोजों और वैज्ञानिक प्रयासों को हर परिस्थिति में प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को स्वयं पर विश्वास रखने और उन्नति के लिए निरंतर प्रयत्नशील और संघर्षशील बने रहने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में शासकीय स्कूलों की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। राज्य सरकार बच्चों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्हें श्रेष्ठतम शैक्षणिक सुविधाएं और अनुभव देने के उद्देश्य से ही प्रदेश में सांदीपनि विद्यालय की स्थापना हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में सड़कों का जाल बिछाया गया। शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर कार्य हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जापान और इजराइल द्वारा प्रस्तुत राष्ट्र निर्माण का उदाहरण, युवाओं के लिए अनुकरणीय है। राज्य सरकार मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षेत्र को विस्तार देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, इसी का परिणाम है कि प्रदेश का सिंचित रकबा 52 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है। विश्व का पहला नदी जोड़ो अभियान केन बेतवा लिंक परियोजना भी प्रदेश की धरती पर शुरू हुई है, इसकी आधारशिला प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रखी थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 15 साल में 1300 करोड़ रूपए से 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किए। लगभग 3 हजार करोड़ रूपए से 1 करोड़ से अधिक साइकिलें प्रदेश में वितरित की गई। वहीं, स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को 250 करोड़ रूपए राशि से अब तक 23 हजार से अधिक विद्यार्थियों को स्कूटी दी जा चुकी है। बदलते दौर में प्रदेश के युवा नौकरी करने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बने इसके लिए राज्य सरकार औद्योगीकरण का अभियान चला रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी 17 सितंबर को धार आ रहे हैं। जहां वे बदनावर में देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के फरवरी 2025 में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आगमन से प्रदेश को 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपए के निवेश की सौगात प्राप्त हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप विद्यार्थी प्रांजल कुशवाह, कोमल पाठक, मेहंदी हसन, ऋषिका बागोरिया, राज गोंड, हर्षिता, अभिषेक गुप्ता, यासमीन, रोहित अहिरवार और पलक भिलाला को स्कूटी की चाबी भेंट की।

# पीएम के दौरे से पहले कड़ी की गई सुरक्षा, मिजोरम-दिल्ली के बीच पहली ट्रेन सेवा का करेंगे शुभारंभ



**आइजोल एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले मिजोरम में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राज्य में सभी पुलिस इकाइयों को अलर्ट पर रखा गया है और राज्य की राजधानी आइजोल में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री एक नई रेलवे लाइन का शुभारंभ करेंगे और कई नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाएंगे। मिजोरम के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) रामथलेंगियाना ने बताया कि आइजोल में राज्य पुलिस के अलावा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दो टुकड़ियों को भी तैनात किया जाएगा। आईजीपी ने बताया कि प्रधानमंत्री के काफिले के गुजरने वाले इलाकों में कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

आइजोल के वरिष्ठ अधीक्षक रूतंगा राल्टे ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए यातायात नियमों की सूचना दी। सूचना में कहा गया है कि शनिवार को सुबह छह बजे से दोपहर एक बजे तक थुआम्पुई से वेंघ्लुई क्षेत्र तक रामलुन और चालट्लांग के रास्ते और लेन्गपुई हवाई अड्डे से एडेंथर तक कोई वाहन पार्क नहीं किया जाएगा, क्योंकि वे प्रधानमंत्री के काफिले की आवाजाही में बाधा बन सकते हैं।

इसके अलावा, शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक थुआम्पुई के पास फॉकलैंड जंक्शन से सिकुलपुइकॉन जंक्शन तक के रास्ते पर वाहन नहीं चलेंगे। शहर के अन्य क्षेत्रों में भी कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही रोकी जाएगी और भार, मध्यम और मिनी ट्रकों को शुक्रवार शाम सात बजे से शनिवार शाम सात बेज तक आइजोल में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। आइजोल नगर निगम ने भी स्थानीय लोगों से कहा है कि प्रधानमंत्री के काफिल के रास्ते में आने वाली थुआम्पुई-लम्मुअल सड़क के किनारे की सभी दुकानें और निजी कार्यालय शनिवार तक बंद रखें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को नई बैराबी-सैरांग ब्रॉड-गेज रेलवे लाइन का शुभारंभ करेंगे, जो आइजोल को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेगी। वह आइजोल और दिल्ली के बीच पहली राजधानी ट्रेन सेवा का भी शुभारंभ करेंगे, साथ ही आइजोल-कोलकाता और आइजोल-गुवाहाटी के बीच दो और ट्रेन सेवाएं भी शुरू करेंगे। सुबह नौ बजे लेन्गपुई हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री की आगमन की संभावना है, जो आइजोल से लगभग 37 किलोमीटर दूर है।

## सीआरपीएफ बोली- राहुल गांधी सुरक्षा प्रोटोकॉल नहीं मानतेः कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे को लेटर लिखा- बिना बताए विदेश जाते हैं; 9 महीने में 6 बार गए



**नई दिल्ली एजेंसी।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की ओर से पिछली विदेश यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल के उल्लंघन का जिक्र किया है। सीएपीएफ ने राहुल गांधी को भी एक अलग पत्र लिखकर इस मामले से अवगत कराया है। सीआरपीएफ ने कहा है कि उनकी सुरक्षा को देखते हुए यह गंभीर चिंता का विषय है। पत्र में कहा गया है कि राहुल को एडवांस सिक्योरिटी लाइजन (एएसएल) कवर के साथ उच्चतम स्तर की जेड+ सुरक्षा प्राप्त है। उन्होंने कई मौकों पर अनिवार्य सुरक्षात्मक उपायों का पालन करने में समर्थता जताई। सीआरपीएफ ने हाल ही में राहुल और खरगे दोनों को भेजे गए पत्र में कहा कि इस तरह की चूक वीवीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता को कमजोर करती है और उन्हें संभावित जोखिमों के प्रति संवेदनशील बना सकती है। सूत्रों ने मुताबिक, सीआरपीएफ ने 10 सितंबर को दोनों नेताओं को भेजे गए अलग-अलग पत्रों में यह मुद्दा उठाया और भविष्य की यात्राओं के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। अपने पत्र में सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया जैसे देशों की विदेश यात्राओं का जिक्र किया। राहुल गांधी अक्सर निजी और राजनीतिक कार्यक्रमों के लिए विदेश यात्रा करते रहे हैं। येलो बुक प्रोटोकॉल के तहत उच्च श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त व्यक्तियों को पर्याप्त सुरक्षात्मक तैनाती सुनिश्चित करने के लिए विदेश यात्रा सहित अपनी गतिविधियों के बारे में उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए नियुक्त सुरक्षा विंग को पूर्व सूचना देनी होती है।

# भारत-मॉरीशस पार्टनर नहीं, परिवार : पीएम मोदी

### *मोदी बोले- काशी में स्वागत में उमड़ी भीड़ देख रामगुलाम ने कहा- आप यूं ही बड़ी जीत दर्ज नहीं करते*



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ। नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम को चागोस समझौता संपन्न होने पर बधाई दी। वहीं मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने काशी में भव्य स्वागत के लिए पीएम को धन्यवाद किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है। हमारी संस्कृति और संस्कार सदियों पहले भारत से मॉरीशस पहुंचे और वहां की जीवन-पद्धति में रच-बस गए। काशी में मां गंगा की अविरल धारा की तरह, भारतीय संस्कृति का अविरल प्रवाह मॉरीशस को समृद्ध करता रहा है और आज, जब हम मॉरीशस के साथियों का काशी में स्वागत कर रहे हैं, तो यह सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक मिलन है इसलिए मैं गर्व से कहता हूं कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं बल्कि एक परिवार है।।।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। भारत ने हमेशा उपनिवेशवाद और मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है और इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है।

### मॉरीशस के विकास में साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है। आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। भारत के बाहर पहला जन औषधि केंद्र अब मॉरीशस में स्थापित हो चुका है।

सर शिवसागर रामगुलाम केवल मॉरीशस के राष्ट्रपिता ही नहीं, दोनों देशों के बीच अटूट सेतु के संस्थापक भी थे पीएम मोदी ने कहा इस वर्ष हम सर शिवसागर रामगुलाम जी की 125वीं जयंती मना रहे हैं। वे केवल मॉरीशस के राष्ट्रपिता ही नहीं, बल्कि भारत और मॉरीशस के बीच अटूट सेतु के संस्थापक भी थे। उनकी यह जयंती हमें मिलकर अपने संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने की प्रेरणा देती है।

### मॉरीशस के पीएम बोले- मुझे और मेरी पत्नी को जो स्वागत मिला, किसी पीएम को नहीं मिला होगा

मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ। नवीनचंद्र रामगुलाम ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री मोदी और आपकी सरकार को हमारे और मेरे प्रतिनिधिमंडल के प्रति दिखाए गए उदार शिष्टाचार के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं। वाराणसी पहुंचते ही, मुझे और मेरी पत्नी को जो स्वागत मिला, उससे हम दोनों ही आश्चर्यचकित रह गए। मेरा मानना है कि किसी भी अन्य प्रधानमंत्री को ऐसा स्वागत कभी नहीं मिला होगा। मुझे खुशी है कि यह आपके निर्वाचन क्षेत्र में है। मैं समझ सकता हूं कि आप इतनी बड़ी संख्या में क्यों चुने जाते हैं। यह भारत की मेरी चौथी आधिकारिक यात्रा है। विशेष आर्थिक पैकेज के तहत, भारत मॉरीशस को कम से कम 10 प्रोजेक्ट्स के कार्यान्वयन में मदद करेगा, जिनमें बंदरगाह, एयरपोर्ट्स और सड़कों जैसे प्रमुख बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, नए स्कूल और अस्पताल स्थापित करना भी शामिल है। भारत की ओर से पैकेज के ऐलान के बाद पीएम मोदी ने कहा, ÷यह पैकेज मदद नहीं है, बल्कि यह हमारे साझा भविष्य में एक निवेश है।÷

दोनों देशों के बीच 7 समझौते पर हस्ताक्षर भी किए गए हैं, इसके तहत शिक्षा क्षेत्र, बिजली क्षेत्र, जल विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। मोदी-रामगुलाम के बीच बैठक के बाद हस्ताक्षरित सबसे अहम समझौता जल विज्ञान को लेकर माना जा रहा है, जिसके तहत दोनों पक्ष मॉरीशस के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्रों का संयुक्त सर्वेक्षण, नेविगेशन चार्ट और हाइड्रोग्राफिक डेटा पर मिलकर काम करेंगे। साथ ही सेटेलाइट और प्रक्षेपण यानों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकम्युनिकेशन स्टेशन की स्थापना और अंतरिक्ष अनुसंधान, विज्ञान एवं अनुप्रयोग के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता हुआ है।

# राष्ट्रपति-राज्यपाल पर डेडलाइन लागू करना गलत : केंद्र

### अदालतों पर बोझ बढ़ाएगा; सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने 10 दिन तक चली दलीलों के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के आखिरी दिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोर्ट को यह साफ करना चाहिए कि 8 अप्रैल को 2 जजों की बेंच का राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने का फैसला सही नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की जगह इस मामले में चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुआई वाली संविधान पीठ ने सुनवाई की। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर शामिल थे। सुनवाई 19 अगस्त से शुरू हुई थी।

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का पक्ष रखा। वहीं, विपक्ष शासित राज्य तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, पंजाब और हिमाचल प्रदेश ने केंद्र का विरोध किया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 1970 से अब तक सिर्फ 20 बिल ही राष्ट्रपति के पास लंबित रहे, जबकि 90त्न बिल एक महीने में पास हो जाते हैं। इस पर सीजेआई ने आपत्ति जताते हुए कहा कि केवल आंकड़ों से निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। अगर राज्यों के दिए आंकड़े नहीं माने गए तो आपके भी नहीं माने जाएंगे। कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने इस पर अपनी दलील दी और कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के तहत, राष्ट्रपति और राज्यपाल सिर्फ नाममात्र के प्रमुख हैं। दोनों, केंद्र और राज्यों में मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह पर काम करने के लिए बाध्य हैं। कर्नाटक सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट गोपाल सुब्रमण्यम ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5-जजों की बेंच को बताया कि विधानसभा में पारित बिलों पर कार्रवाई के लिए राज्यपाल की संतुष्टि ही मंत्रिपरिषद की संतुष्टि है। पूरी खबर पढ़ें... इससे पहले, 3 सितंबर को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया था कि बिल के रूप में जनता की इच्छा राज्यपालों और राष्ट्रपति की मनमर्जी के अधीन नहीं हो सकती क्योंकि कार्यपालिका को विधायी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से प्रतिबंधित किया गया है। ञ्जस्ट सरकार ने दलील दी थी कि राज्यपाल को विधानसभा से भेजे गए बिलों पर तुरंत फैसला लेना चाहिए, क्योंकि उनके पास मंजूरी रोकने का कोई अधिकार नहीं है। राज्यपाल संप्रभु की इच्छा पर सवाल नहीं उठा सकते और विधानसभा में पास बिल की विधायी क्षमता की जांच नहीं कर सकते, जो न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सरकार ने विधानसभा में पास बिलों पर फैसला लेने के लिए राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए डेडलाइन तय करने के पक्ष में तर्क दिया। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश हुए कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि बिलों पर विचार करने के मुद्दे पर राष्ट्रपति और राज्यपालों का कोई व्यक्तिगत काम नहीं है। वे केंद्र और राज्य की मंत्रिपरिषद की मदद के लिए काम करते हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल की विधानसभा से पास बिलों पर कार्रवाई के खिलाफ राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दायर नहीं कर सकते। केंद्र ने कहा कि राज्य सरकारें अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। क्योंकि मौलिक अधिकार आम नागरिकों के लिए होते हैं, राज्यों के लिए नहीं। 26 अगस्त को भाजपा शासित राज्यों ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था।

# संजय सिंह का दावा- श्रीनगर में नजरबंद किया

### फारूक को मिलने से रोका आम आदमी पार्टी के विधायक की गिरफ्तारी के विरोध में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने पहुंचे थे



**नई दिल्ली एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी के विधायक मेहराज मलिक को पिछले दिनों गिरफ्तार किया गया था। पूरी आप पार्टी इसका विरोध कर रही है। आप सांसद संजय सिंह विधायक विधायक की नजरबंदी को लेकर जम्मू-कश्मीर पहुंचे थे। यहां वे प्रेस कांफ्रेंस करने वाले थे। हालांकि इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया।

आप सांसद संजय सिंह और आप नेताओं का आरोप है कि उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया है। संजय सिंह ने वीडियो जारी कर कहा कि तानाशाही चरम पर है मैं इस वक्त श्रीनगर में हूं। लोकतंत्र में हक के लिए आवाज उठाना आंदोलन करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि आज मेहराज मलिक की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर में प्रेस कांफ्रेंस और धरना था, लेकिन सरकारी गेस्ट हाउस को पुलिस छावनी बना दिया गया है। मुझे इमरान हुसैन और साथियों को गेस्ट हाउस से बाहर निकलने की इजाजत नहीं है। हाउस अरेस्ट की खबर लगते ही पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला संजय सिंह से मुलाकात के लिए पहुंचे। हालांकि उन्हें भी मुलाकात नहीं करने दी गई। उन्हें भी गेट के बाहर से ही बातचीत करनी पड़ी। इसको लेकर संजय सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर लिखा कि बहुत दुःख की बात है जम्मू कश्मीर के कई बार मुख्यमंत्री रहे डॉक्टर फारूक अब्दुल्ला जी पुलिस द्वारा मुझे हाउस अरेस्ट किए जाने की खबर पाकर मुझसे मिलने सरकारी गेस्ट में आये उन्हें मिलने नहीं दिया गया। ये तानाशाही नहीं तो और क्या है?

इसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पुलिस पर हमला बोला है। उन्होंने लिखा कि पूर्व मुख्यमंत्री जो कि मौजूदा मुख्यमंत्री के पिता जी हैं, उन्हें भी संजय सिंह से उन्ही के राज्य में मिलने नहीं दिया जा रहा? ये सरासर गुंडागर्दी और तानाशाही है। पूर्व सीएम आतिशी ने लिखा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है। तानाशाही अपने चरम पर है। हमारे सांसद संजय सिंह श्रीनगर पहुंचे थे ताकि मेहराज मलिक की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ प्रेस कॉन्फ्रेंस और धरना कर सकें, लेकिन ब्वछ्वक्क इतनी बौखलाई हुई है कि हमारे नेताओं को गेस्ट हाउस में ही कैद कर लिया गया। ये अघोषित आपातकाल है।

# एमपी कांग्रेस निकलेगी प्रभात फेरी, करेगी गौ सेवा

### जिला अध्यक्षों को देंगे ट्रेनिंग, भाजपा ने कसा तंज



**भोपाल एजेंसी।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए तरह-तरह के प्रयोग किया जा रहे हैं। प्रदेश में अब कांग्रेस प्रभात फेरी निकालेगी साथ ही गौ सेवा और श्रमदान भी करेंगी। यह राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान से जोड़ा गया हिस्सा माना जा रहा है। हालही में नवनियुक्त 71 ग्रामीण और शहर जिला अध्यक्षों को इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को 10 दिन की ट्रेनिंग देने की तैयारी कांग्रेस कर रही है। जिसमें राहुल गांधी से लेकर कांग्रेस की कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। इस दौरान जिला अध्यक्षों को इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। और उन्हें प्रैक्टिकल भी कराया जाएगा। इधर भाजपा ने इसे लेकर तंज कसा है। मंत्री विश्वास सारंग में कहा है कि कांग्रेस की यह महज चुनावी नौटंकी है।

एमपी कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने बताया कि यह कोई नया नहीं है। कांग्रेस की पहले से परंपरा रही है। हमारा सेवादल इस पर पहले से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस जिला अध्यक्षों 10 दिन की ट्रेनिंग में सिखाया जाएगा कि किस समय प्रभात फेरी निकालना है। क्या गीत रहेंगे। साथ ही श्रमदान और गौ सेवा की भी जानकारी दी जाएगी। सभी जिलाध्यक्षों को प्रेक्टिकल कराया जाएगा और उसके बाद वे अपने-अपने जिले में करने के लिए का जाएगा।

### बीजेपी के एजेंडे पर कांग्रेस कर रही काम

गौरतलब है कि एमपी में कांग्रेस 2003 के बाद के 22 साल में से 2 साल छोड़ दे तो सत्ता से बाहर है। यही वजह है कि लंबे वनवास के बाद कांग्रेस अब राहुल गांधी की महत्वाकांक्षी संगठन सृजन अभियान के तहत चुने गए जिला अध्यक्षों के द्वारा गांव-गांव शहर प्रभात फेरी निकालना श्रमदान और गौ सेवा कराने जा रही है। बतादें कि कांग्रेस जन जन तक पहुंचने के लिए उन कार्यक्रमों का सहारा ले रही है जो बरसों से बीजेपी का एजेंडा रहे हैं। गौ सेवा और प्रभात फेरी के जरिये भाजपा ने गांव से लेकर शहर तक हिंदुत्व और सनातन का झंडा फहराया है यही वजह है।

## सीएम के आगमन के लिए सीएम राइज स्कूल नरवर खेल ग्राउंड व कृषि उपज मंडी नरवर का करैरा विधायक के साथ शिवपुरी कलेक्टर ने कीया निरीक्षण



**नरवर से राजकुमार कोली**

खबर दिनांक 11 अगस्त को दोपहर 2 बजे की है जहां पर आने वाली 27 सितंबर को नरवर सीएम राइज स्कूल का उद्घाटन करने के मध्य प्रदेश सीएम मोहन यादव का आगमन है जिसकी तैयारी को लेकर आज शिवपुरी कलेक्टर द्वारा पहले नरवर सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण किया और उसके बाद नरवर थाने के सामने खेल ग्राउंड निरीक्षण किया गया जिसमें संबंधित अधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए और जिसके बाद हेलीपेड के लिए नरवर की कृषि उपज मंडी का भी निरीक्षण किया गया निरीक्षण मैं करेरा विधायक रमेश प्रसाद कलेक्टर शिवपुरी रविंद्र कुमार चौधरी , शिवपुरी एसपी अमनसिंह रठौर ,करैरा एसडीएम अजय शर्मा ,नरवर तहसीलदार संतोष धाकड़,, भाजपा जिलामंत्री कैलाश कुशवाह,नरवर थाना प्रभारी विनय यादव नरवर ,नायव तहसीलदार एवं नरवर के आर आई पटवारी , के नरवर पुलिस स्टाफ एवं सेकडो लोग मौजूद रहे

## कृषि पम्प पर जीएसटी में कमी का आश्वासन, एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

**सतना।** भारत सरकार के माननीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन सतना ने जीएसटी संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचरण गुप्ता, महामंत्री जितेंद्र अग्रवाल, विपुल हांडा, अजय अग्रवाल, अशोक शुक्ला, सुशील जाग्यासी और सरल वेदी उपस्थित रहे। *मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि किसानों और व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जल्द ही कृषि पम्प पर जीएसटी में कमी की जाएगी। एग्रीकल्चर मर्चेंट एसोसिएशन ने इस निर्णय को किसानों के हित में बताया और उम्मीद जताई कि सरकार के इस कदम से कृषि क्षेत्र को राहत मिलेगी।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सुरक्षा सहयोगी के दिवंगत पुत्र को दी भावभीनी श्रद्धांजलि, स्मृति में लगाया पौधा



**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

**सतना ।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज सतना प्रवास के दौरान वर्षों से अपने साथ खड़े सुरक्षा सहयोगी मोनू सिंह परिहार के घर पहुंचकर उनके स्वर्गीय पुत्र, अभिनव सिंह परिहार को गहरे श्रद्धा भाव से नमन कर श्रद्धांजलि दी। शिवराज सिंह चौहान ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और उनके साथ मिलकर अभिनव की स्मृति में पौधरोपण भी किया। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह को पूरे देश में मामा और भैया के नाम से भी जाना जाता है, उनके सरल स्वभाव और अपनत्व के व्यवहार का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि, वह अपने सुरक्षा सहयोगी के बेटे को श्रद्धांजलि देने पहले तो भोपाल से ट्रेन के माध्यम से सतना पहुंचें और फिर उनके गांव कचलोहा के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि, एक युवा जीवन का असमय दुनिया से विदा होना परिवार के लिए गहरा आघात है, इस कठिन समय में मेरी सहानुभूति और संवेदनाएं परिजनों के साथ हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि, यह पौधा अभिनव की स्मृति का प्रतीक बनेगा, जो समय के साथ बढ़ता वृक्ष बनकर उनके उज्ज्वल व्यक्तित्व की गाथा सदियों तक जीवित रखेगा।

श्रद्धांजलि अर्पित सांसद गणेश सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय मध्य प्रदेश शासन कि मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का सतना में भव्य स्वागत



**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

सतना। भाजपा के लोकप्रिय नेता, लाडली बहनों के मामा, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के सतना आगमन पर रेलवे स्टेशन में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ÷सतना श्रीराम की तपोभूमि है और मां शारदा का आशीर्वाद है। सतना को तो वैसे ही दोनों का प्यार और दुलार मिलता है।÷

स्वागत करने वालों में सांसद गणेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय, प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, पालन गगनेंद्र प्रताप सिंह अनिल जयसवाल, जिला महामंत्री ऋषभ सिंह, रमाकांत गौतम, जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, मुरारी सोनी, बालेन्द्र गौतम, विजय तिवारी, जान्हवी त्रिपाठी, श्रीकृष्ण दुबेदी, शुभम तिवारी, सुनील मिश्रा, महेन्द्र तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता 'श्यामू', सौभाग्य केसरी, सीमा सिंह यादव, संजय अग्रवाल, चांदी रामपाल यादव, एडवोकेट अरविन्द मिश्रा, आकांक्षा सिंह, एड. अंजना तिवारी, एड. उपेन्द्र तिवारी, उत्तम वाल्मीक, धर्मेन्द्र सिंह बराज, मनीषा सिंह, नीता सोनी, आशा शुक्ला, राधा श्रीवास्तव, राम बाबू त्रिपाठी, शिवाकांत पांडेय, बालकृष्ण शुक्ला अजय सिंह मिंटू शैलेन्द्र दहिया और अभिनव त्रिपाठी रमेश तिवारी गोला विजय दुबे आदित्य सिंह गीतेश्वर सिंह हिमांशु सिंह अतुल शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच हुए इस स्वागत समारोह ने पूरे माहौल को उत्साह और उमंग से भर दिया।

## गणेश बैगा, प्रदूषण विभाग का सतना में उम्दा प्रदर्शन



**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**

सतना में प्रदूषण विभाग के अधिकारी गणेश बैगा का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा। विभागीय दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए उन्होंने शहर में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर उल्लेखनीय योगदान दिया। उनकी कार्यशैली और उपलब्धियों की स्थानीय स्तर पर खूब प्रशंसा की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में तालाब से युवक का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता शाहनवाज़ खान**
**जिला ब्यूरो रायगढ़**

धरमजयगढ़। बेहरापारा वार्ड क्रमांक-09 स्थित भूरी तालाब में गुरुवार को एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुँची और शव को तालाब से बाहर निकाला। मृतक की पहचान शिव पैंकरा उर्फ टुल्लू, निवासी बेहरापारा, के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शिव मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता था। अचानक उसकी मौत और शव के संदिग्ध हालात में मिलने से ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएँ शुरू हो गई हैं। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस हर एंगल से तफ्तीश कर रही है।



## स्वच्छता, प्लास्टिक प्रतिबंध, कचरा प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

**उद्घोष समय सतना, अंकित शर्मा**



नगर पालिक निगम सतना की ढ्ढश्चष्ट टीम द्वारा विभिन्न स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, प्लास्टिक प्रतिबंध, कचरा प्रबंधन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। वार्ड क्रमांक 01 में स्वच्छता पाठशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का महत्व समझाया गया। नागरिकों को चार बिन की जानकारी देकर कचरे का पृथक्करण करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही प्लास्टिक प्रतिबंध पर जागरूक किया गया एवं जीवीपी ड्राइव के माध्यम से कचरा केवल कचरा वाहन में ही देने की अपील की गई।वार्ड क्रमांक 02 में जीवीपी जागरूकता ड्राइव, प्लास्टिक प्रतिबंध, चार बिन जानकारी तथा स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिससे नागरिकों को सफाई बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। वार्ड क्रमांक 03 के प्रगति उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वच्छता पाठशाला आयोजित कर विद्यार्थियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। होम कम्पोस्टिंग की जानकारी प्रदान कर घर पर गीले कचरे से खाद बनाने की विधि समझाई गई। साथ ही छ्ब्×ष्ठ वेस्ट प्रबंधन के तहत निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कचरे के निपटान की जानकारी दी गई। वार्ड क्रमांक 26 में जीवीपी जागरूकता ड्राइव, स्रोत पृथक्करण की जानकारी एवं प्लास्टिक प्रतिबंध पर जागरूकता दी गई। व्यावसायिक क्षेत्र के दुकानदारों को भी स्रोत पर कचरा अलग-अलग करने हेतु प्रेरित किया गया।

## आदि कर्मयोगी अभियान जनजातिय कल्याण योजना अन्तर्गत तीन दिवसीय कार्यशाला का जनपद सभागार में आयोजन



रामनगर मैहर - जनपद सभागार रामनगर में तीन दिवसीय आदि कर्मयोगी अभियान कार्यशाला का आयोजन आरंभ किया गया है। जहां आदिवासी समाज अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति परिवर्तनकर्ताओ को सशक्त बनाना है। आदि कर्मयोगी अभियान आदिवासी नेतृत्व विकेंद्रीकृत शासन की परिस्थितिक तंत्र निर्माण पर राष्ट्रीय आंदोलन है। जो आदिवासी समाज में अभिसरण समुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातिया कार्य मंत्रालय नेतृत्व क्षमता निर्माण मे आधारित है।शासन द्वारा जनजातिया योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पहल की शुरुआत आदि कर्मयोगी नाम से की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य खराब क्रियान्वयन प्रणाली दुरूस्त कर सुचारू रूप से क्रियावन करना है। कार्यक्रम की प्रेरणा जमीनी स्तर पर कार्यरत भवदीपो के अनुभव से है।इस अभियान कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं को जनजातिय समुदाय के अंतिम छोर तक पहुंचाना है। जिससे इन्हें प्रत्यक्ष लाभ मिल सके।

मैहर जिले के रामनगर जनपद सभागार में आदि कर्मयोगी कार्यशाला की बैठक दौरान जिला समन्वयक विनय त्रिपाठी संजीव मिश्रा तथा मास्टर ट्रेनर बीएमओ डॉ आलोक अवधिया खण्ड पंचायत अधिकारी राजेंद्र मार्को आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सुमन जयसवाल प्रफुल्ल तिवारी रहे। धरती आवा अभियान के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जजनगरा सोहौला सेदुरा कुंवरी भितरी कुदरीकला छितहा कोल्डिहा खोमरहा गोडहाटोला खैरानी के सचिव सहायक सचिव वनरक्षक आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को ट्रेनिंग दी गई।

## बाढ़ पीड़ित कलावती ने एक दर्जन लोगों के साथ शिवपुरी कलेक्टर को मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सीहोर के खिलाफ व ऋण माफी के लिए दिया आवेदन

**नरवर संवाददाता राजकुमार कोली**

बाढ़ पीड़ित गरीब कलावती पर मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सीहोर तहसील नरवर जिला शिवपुरी म.प्र. के दवारा कृषि ऋण योजना तहत ऋण राशि का भुगतन हेतु अनुचित रुप से बैंक गैनेजर के द्वारा दबाव बनाया जा रहा है अधिक वर्षात के कारण फसल क्षतिग्रस्त होकर होकर नष्ट हो गयी इसलिए ऋण को माफ कराया जाकर भुगतान हैतु समय दिये जाने बावत् ।

यहां कि कलावती ग्राम पूल्हा पंचायत सीहोर तहसील नरखर जिला शिवपुरी म.प्र.

का निवासी होकर गरीवी रेखा के नीचे जीवन यापन करता हूँ। यह कि कलावती के द्वारा लोकडडन के समय अधिक वर्षा के कारण वर्ष 2018 से लेकर वर्तमान तक पानी के भराव के कारण और अधिक वर्षा के कारण फसल अच्छी नहीं हई जिस्के सबंध में कलावती बाढ़ पीड़ित गरीब के द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सीहोर तहसील नरवर जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश से कृषि ऋण योजना तहत ऋण प्राप्त किया जिसका भुगतान प्रार्थी करने को तैयार है



कितु बैंक मैनेजर के द्वारा पशु ऋण की राशि का भुगतान हेतु अनुचित रूप से दवाव बनाया जा रहा है अधिक वर्षात के कारण फसल क्षतिग्रस्त कर नष्ट हो गयी इसलिए ऋण का भुगतान करने में असमर्थ हैं इसलिए उक्त ऋण को माफ कराया जाकर भुगतान हेतु समय दिया जाना आवश्यक एवं न्यायोचित है। कलावती ने श्रीमान जी से निवेदन है करते हुए कहा है कि मेरा आवेदन स्वीकार पशु ऋण को माफ कराये जाने एवं भुगतान हेतु समय दिलाये जाने तथा समस्या का निराकरण करनें की कृपा करें

## चिर परिचित अंदाज मे नजर आये शिवराज, नेताओं से बेहतर मुलाक़ात, दिवंगतो के घर पहुँच दी श्रद्धांजलि

**उद्घोष समय अमरपाटन/ मैहर,अशोक कुमार गुप्ता**



अमरपाटन। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरूवार को सतना पहुंचने के बाद दिवंगतो को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शिवराज सिंह सबसे पहले नागौद पहुंचे वहा अपने स्टॉफ के घर मे गमी पर अपने शोक संवेदना देने पहुँचे। बीजेपी के वरिष्ठ नेता रहे लक्ष्मी यादव के निवास पहुँच श्रद्धांजलि दी। रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह के निवास भी शिवराज पहुंचे और पूर्व मंत्री हर्ष सिंह को श्रद्धांजलि दी हैं। पूर्व सीएम शिवराज चौहान अमरपाटन मे पूर्व मंत्री राम खेलावन के पिता श्री भैया लाल पटेल जी को श्रद्धांजलि दी। शिवराज अपने चिर परचित अंदाज मे नजर आये और सभी छोड़े बड़े नेताओं से मुलाक़ात कर उनके नाम से सम्बोधित करते रहे। सबकी कुशल क्षेम लेकर परिवार जनो का भी हाल चाल जाना।

## *सीएम कैंप कार्यालय की त्वरित पहल से अंधेरे में डूबा गांव हुआ रोशन



**ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का जताया आभार***

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**

**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के साथ ही उनका त्वरित समाधान भी किया जाता है। आम लोगों के प्रति संवेदनशीलता और जनसमस्याओं के निराकरण की त्वरित पहल की वजह से आशा और विश्वास का केंद्र बन चुके कैंप कार्यालय में समय के साथ लोगों का विश्वास और भी गहरा होता जा रहा है।

फरसाबहार तहसील के ग्राम अंकिरा के ग्रामीण बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से जूझ रहे थे। ग्रामीणों ने अपनी यह समस्या सीएम कैंप कार्यालय बगिया के समक्ष रखी। कैंप कार्यालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए विद्युत बहाल करने के लिए विभाग को निर्देशित किया था।जिस पर विभाग ने दूसरे ही दिन त्वरित कार्यवाही कर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया, जिससे पूरा गांव रोशन हो गया। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

**लोगों की उम्मीदों का केंद्र बना सीएम कैंप कार्यालय बगिया**

सीएम कैंप कार्यालय बगिया में प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं।यहां लोगों की समस्या को गंभीरता से उसका निराकरण किया जाता है। चाहे वह बिजली की परेशानी हो, सड़क की समस्या, पेयजल की मांग या फिर अन्य विकास कार्य सभी मामलों पर तुरंत संज्ञान लिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पहली बार उन्हें ऐसा अनुभव हो रहा है कि उनकी समस्याएं सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंच रही हैं और तत्काल हल भी हो रहा है।

## जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के जशपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत



**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**

**जशपुरनगर ।** वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी आज एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंचे। उनके आगमन पर सर्किट हाउस परिसर में उन्हें पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

स्वागत करने वालों में विधायक और सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन श्री राजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, श्री कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री राजू गुप्ता, पार्षदगण श्री फैजान सरवर खान और श्री देव धन नायक, उपेन्द्र यादव, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक और एसडीएम श्री विश्वास राव मस्के शामिल रहे।

# सरकारी जमीन से लेकर आदिवासियों की जमीन तकमहफूज नहीं, माफिया का तांडव जारी

### कटनी जिला के विजयराघवगढ़ के ग्राम जंगल पुरेंनी का मामला

विजयराघवगढ़- जिले में माफिया का बोलबाला साफ है कहीं सरकारी तो कहीं निजी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से सांठगांठ कर सरकारी जमीन से लेकर लोगों की निजी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं विगत दिनो विजयराघवगढ़ के ग्राम जंगल पुरेंनी में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने की खबर मिली थी वही आप इसी व्यक्ति द्वारा कुछ आदिवासियों की जमीन कब्जे करने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत आदिवासियों ने विजयराघवगढ़



तहसीलदार से की है

विजयराघवगढ़ के ग्राम जंगल पुरैनी में कई पट्टाधारी आदिवासी किसानों की जमीन गांव के लखन सिंह रघुवंशी ने अपना हक जमाते हुए उनके खेत से बेदखल कर दिया है गांव के परदेसी कोल, डोमारी कोल, मीरा कोल, रामबाई, अरुण फूलाबाई ने बताया कि हम सभी लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण हमारे द्वारा मजबूरी में लाखन सिंह को अपनी जमीन गहन रख दिया था परंतु उसमें कुछ शर्तें थी की गहन रखने के बाद जमीन मैं फसल निकालने के बाद पैसा कांटे जाएंगे लेकिन उन्होंने पैसा ना काटकर हमारी जमीन को लाखन सिंह व राजस्व कर्मचारी की मिलीभगत करते हुए हम हरिजन आदिवासियों की भूमि धोखे से अपने नाम पर दर्ज कर ली है जिसके लिए आदिवासियों ने विजयराघवगढ़ तहसीलदार को एक ज्ञापन देकर अपनी पीड़ा व्यक्त कर उक्त जमीन को खाली करने का आग्रह किया है बताया जाता है कि लखन सिंह रघुवंशी द्वारा बड़े पैमाने में सरकारी जमीन पर भी कब्जा कर रखा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी द्वारा कभी भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिससे दबंग के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की प्रगति हेतु जिले में किया जा रहा प्रगति सभा का आयोजन

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**



**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में प्रथम चरण में सर्वाधिक लंबित आवास वाले ग्राम पंचायतों में 8 सितंबर से प्रगति सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए समस्त ग्राम पंचायतों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रगति सभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों का उन्मुखीकरण एवं उनकी समस्याओं का तय समय सीमा में निराकरण करते हुए आवास को पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में कृषि कार्य एवं अत्यधिक बारिश के कारण हितग्राहियों को किस्त की राशि प्रदाय होने उपरांत कार्य बंद होने की स्थिति में अब गति देने की आवश्यकता है। इस हेतु 08 सितम्बर 2025 को प्रगति सभा का आयोजन किया गया। उक्त प्रगति सभा में संबंधित ग्राम पंचायतों के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सचिव,सरपंच, उपसरपंच, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, रोजगार सहायक, आवास मित्र, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, स्थानीय मैटेरियल सप्लायर, राजमिस्त्री आदि के साथ-साथ जिले एवं जनपद स्तर के अधिकारी को भी शामिल होने हेतु निर्देश दिए गए

# रजत महोत्सव अंतर्गत कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को बाल सुरक्षा पर दी गयी जानकारी

### तपकरा एवं तपकरा-2 में आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण माह एवं पोषण मेले का हुआ आयोजन*

**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**

जशपुरनगर 11 सितम्बर 2025/ छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत गम्हरिया सेक्टर के आंगनबाडी केन्द्र तपकरा (जशपुर) में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उपस्थित माता-पिता एवं बच्चो क व्यक्तिगत स्वच्छता, खानपान, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के संबंध में जानकारी देने के साथ नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। जिन बच्चों के आधार कार्ड नहीं बने है या ऐसी गर्भवती माताएं जिनका आधार कार्ड अपडेट नहीं हुआ है उन्हें आधार



निर्माण एवं अपडेट करवाने की जानकारी दी गयी।

इसी प्रकार जशपुरनगर में स्थित शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं को कानूनी अधिनियम जैसे घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना अधिनियम 2005, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मानव तस्करी, बाल विवाह रोकथाम, सखी वनस्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन नंबर 181 की जानकारी दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व संरक्षण अधिकारी शिखा शर्मा तथा सखी वन स्टॉप सेंटर के सेवा प्रदाता व केंद्र प्रशासक उपस्थित रहे।

एकीकृत बाल विकास परियोजना तपकरा -2 के सेक्टर तपकरा के अंतर्गत आने वाले समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के तहत पोषण मेला का आयोजन किया गया। पोषण मेला कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों एवं उनके अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। उपस्थित लोगों पौष्टिक भोजन, स्वच्छता, एनीमिया रोकथाम, डायरिया प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय का उपयोग करने, रेडी टू ईट के विभिन्न व्यंजन बनाने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए माताओं, किशोरी बालिकाओं एवं बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का मापन किया गया।

## हाईवे पर घुमंतू मवेशियों के गले में यातायात पुलिस ने लगाई रेडियम पट्टी, सड़क हादसों पर अंकुश लगाने की विशेष मुहिम

**संवाददाता शाहनवाज़ खान**
**जिला ब्यूरो रायगढ़**



**रायगढ़ ।** पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन और उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री उत्तम प्रताप सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस रायगढ़ ने सड़क हादसों की रोकथाम के लिए एक विशेष मुहिम जारी है। इस अभियान के तहत हाईवे पर पेट्रोलिंग करते हुए घुमंतू मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाई जा रही है ताकि रात के समय वाहन चालकों को सड़क पर मवेशियों की उपस्थिति साफ दिखाई दे और अकस्मात दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसी कड़ी में आज हाईवे पेट्रोलिंग टीम के सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र पटेल, राजकुमार सिदार, आरक्षक दिनेश डनसेना और जसपाल शर्मा ने कोसमनारा मार्ग एवं काशीराम चौक से आगे उड़ीसा मार्ग पर पेट्रोलिंग की और वहां घूम रहे मवेशियों को रेडियम पट्टी पहनाई। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग कुमार पटेल के नेतृत्व में लगातार अभियान चलाकर मवेशियों के सिंग पर रेडियम रंग और गले में रेडियम पट्टी लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान'' : प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी

### प्रभारी मंत्री ने जिले में संचालित निर्माण कार्यों की ली समीक्षा बैठक**





**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**
जशपुरनगर 11 सितंबर 2025/ वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस बैठक में प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में स्वीकृत, प्रगतिरत एवं प्रारम्भ कार्यों की जानकारी सभी विभागों से ली। उन्होंने जशपुर में पीएम जन मन योजनान्तर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए इन्हें प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूर वनांचलों में विकास करना शासन का लक्ष्य है, पीएम जन मन योजना, धरती आबा ग्राम उत्थान योजना द्वारा इन क्षेत्रों का समन्वयित विकास किया जाना है। योजनान्तर्गत किये जा रहे कार्यों में कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और कर्मठता के साथ प्रत्येक कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आपस में चर्चा कर समन्वय के साथ काम करने की अपील भी की।

उन्होंने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दनगरी जलप्रपात पहुंच मार्ग सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण कार्य कराने वाले विभागों की समीक्षा कर कहा कि जशपुर एक आदिम बहुल जिला होने के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का गृह जिला भी है इसे हमें एक मॉडल के रूप में विकसित करना है। इसके लिए आवश्यक है कि प्रत्येक कार्य को पूर्ण ईमानदारी से गुणवत्तापूर्ण रूप से सम्पन्न कराया जाए। यदि किसी कार्य में गुणवत्ता को लेकर कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रभारी मंत्री ने वर्षा ऋतु के अंत के साथ सभी कार्यों को तीव्र गति से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएमजीएसवाई, डब्लू आर डी, पीडब्ल्यूडी, आरईएस, सीजीएमएससी, हाउसिंग बोर्ड, नगरीय निकायों आदि विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र की समस्याओं एवं विकास कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए समाधान करने एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने को कहा।

प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि शासन जशपुर जिले के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिले में बड़े विकास कार्यों के साथ हमें छोटे विकास कार्यों को भी प्राथमिकता देनी है क्योंकि ये कार्य सीधे ग्रामीण जनता को लाभान्वित कर लोगों में शासन के प्रति विश्वास को प्रबल करते हैं, इन निर्माण कार्यों में गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन भी सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

जनप्रतिनिधियों द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे में कुछ ग्रामीणों के रिकॉर्ड में त्रुटि की जानकारी दी गयी, जिस पर उन्होंने तुरंत सुधार करवाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने नगरीय निकायों में निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए नगरों का सौंदर्यीकरण करवाने के निर्देश दिए। इस बैठक में सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर श्री अनिकेत अशोक सहित जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

# वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### यह योजना बिज़ली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करती हैः वित्त मंत्री श्री चौधरी

### रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना से मिलने वाले लाभों की देगा जानकारी*



**उद्घोष न्यूज़ नारायण प्रधान**
जशपुरनगर 11 सितंबर 2025/ वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने आज सर्किट हाउस परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना की जानकारी देगा और इसके लाभों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय, श्री कृष्ण कुमार राय, श्री ओम प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, अधीक्षण यंत्री श्री के वी मैथ्यू , कार्यपालन यंत्री जशपुर श्री विनोद पंडित, कार्यपालन यंत्री कुनकुरी श्री एस. पी. मरकाम , कार्यपालन यंत्री परियोजना श्री मकेश्वर साय सहित जनप्रतिनिधि गण और अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करती है। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी बचत होगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस योजना के अंतर्गत 01 से 03 किलोवाट तक रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कर हर महीने 100 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 30 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 15 हजार की सब्सिडी मिलती है। इसी तरह 02 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 60 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी और 03 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 78 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी मिलती है। इस योजना अंतर्गत सोलर प्लांट लगाने वाले उपभोक्ताओं को बैंक के द्वारा 6 प्रतिशत ब्याज दर पर आसान किस्तों में 10 वर्षों के लिए ऋण की सुविधा दी गई है।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता पीएम सूर्य घर मोबाइल ऐप, सीएसपीडीसीएल वेबसाइट, मोर बिजली ऐप अथवा टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा, इच्छुक उपभोक्ता नजदीकी सीएसपीडीसीएल कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। सौर प्लांट स्थापना हेतु वेंडर का चयन उपभोक्ता स्वयं ऑनलाइन कर सकते हैं

# भूमि पर अवैध कब्ज़ा हटाने की गुहार, राजस्व मामला लेकर पहुँची महिला पुलिस अधीक्षक के पास



सिवनी। ग्राम केवटवार थाना केवलारी की रहने वाली हसकुमारी ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर हो रहे अवैध कब्ज़े की शिकायत पुलिस अधीक्षक सिवनी को सौंपी है। आवेदिका ने बताया कि उसके नाम पर खसरा नंबर 83, 122, 125, रकबा 0.040, 0.85 और 1.70 हेक्टेयर भूमि दर्ज है, जिसका स्वामित्व उसे उसके स्वर्गीय पति हरखू राम से प्राप्त हुआ है। लेकिन ग्राम मुंगवा तहसील ढ़ोरई निवासी मुन्?नू गोंड एवं उसके सहयोगियों इकलाव पटेल और देवेंद्र राय ने मिलकर उसकी भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है।महिला का कहना है कि कब्जाधारियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाकर भूमि पर अधिकार जताया और खेती करना भी शुरू कर दिया। जबकि न्यायालय के आदेश और सीमांकन के अनुसार उक्त भूमि उसका वैध स्वामित्व है। आवेदिका ने बताया कि मामला मूल रूप से राजस्व विभाग का है, लेकिन कब्जाधारियों की दबंगई से परेशान होकर उसने पुलिस विभाग में भी गुहार लगाई है ताकि अवैध कब्ज़ा हट सके और दोषियों पर कार्रवाई हो। हसकुमारी ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उसकी भूमि पर से अवैध कब्ज़ा हटवाकर नामांतरण राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाए और उसे न्याय दिलाया जाए।

# प्राणघातक हमला करने वाले एक विधि विवादित बालक सहित 5 गिरफ्तार

**घटना मे प्रयुक्त बेस बॉल का डण्ड, पत्थर एवं लोहे का कडा जप्त**

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** थाना ओमती में दिनांक 09.09.2025 को सार्थक चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी कांचघर शीतला माई तेल मिल के पास थाना घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 09.09.2025 के 12.00 बजे दिन अपने कॉलेज केम्स में थे जहां सेकेंड ईयर के छात्र अभिनव सिंह परिहार, उत्कर्ष मिश्रा, एवं एक अन्य नशा कर रहे थे जिन्हे मादक पदार्थ का सेवन करने से मना किया जो उक्त तीनों गालीगलौज करने लगे तथा एक संगठन के अभिषेक पांडे व उसके सदस्य उत्कर्ष मिश्रा, व अभिनव सिंह अपने साथी आकाश खरे, जतिन कनोजिया , हर्ष कनोजिया , यश कनोजिया तथा एक अन्य के साथ मिलकर उस पर एवं उसके साथियों को जान से मारने की नीयत से बेसबाल और पंच से हमला किये जिससे उसके कान, सिर व हाथ में तथा उसके साथी पृथ्वीराज पहुचा दी , मयंक विनोदिया पर एक अन्य ने हमला का हाथ पैर में चोट पहुंचा दी। रिपोर्ट पर थाना ओमती में अपराध क्र. 460/2025 धारा 296, 109, 191(2), 191(3), 190, 351(2), 126(2) बी. एन. एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।तलाश करते हुये आरोपी (1) अभिषेक पाण्डे उम्र 25 वर्ष निवामी पत्रकार कालोनी रानीताल चौक थाना लाईगंज (2) उत्कर्ष मिश्रा उम्र 18 वर्ष निवामी रामपुर कलचुरियान थाना रामपुर जिला रीवा हाल दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर घमापुर . (3) अभिनव सिंह परिहार उम्र 19 वर्ष निवानी चुरहट थाना रामपुर नैकिन जिला रीवा हाल हनुमान मंदिर बाई का बगीचा आना बेलबाग (4) यश कनौजिया उम्र 19 वर्ष निवासी बार्ड नं. 3 अमरवाड़ा थाना अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा हाल निवासी तिलवारा (5) एक विधि विवादित बालक को दस्तायब किया गया जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ करते हुये बेसबाल का डंडा, पत्थर का टुकड़ा, लोहे जैसी धातु का कड़ा जप्त कर चारों आरोपी युवको को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराया गया तथा मामले के 1 अन्य विधि विवादित बालक को किशोर न्यायबोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर किशोर सुधार गृह भेजा गया ।

उल्लेखनीय भूमिका - प्राणघातक हमला करने वालों को पकडने मे थाना प्रभारी थाना ओमती श्री राजपाल सिंह बघेल, उप निरीक्षक श्रीराम सनोड़िया, उप निरीक्षक शिवगोपाल गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक सुधीर पटेल, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र उपाध्याय, जोगेन्द्र सिहं, रामसिंह परते, दीपक विश्वकर्मा दीपक मिश्रा, , आरक्षक संतोष तेकाम, संदीप द्विवेदी, मिथलेश की सराहनीय भूमिका रही।

# सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत स्कूल शिक्षा विभाग आवश्यक तैयारियां करें

### सुगम परिवहन व्यवस्था पर अभी से काम करने के निर्देश

### स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री सिंह ने की समीक्षा



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि उज्जैन में सिंहस्थ-2028 वृहद स्तर का आयोजन है, इसको देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग अभी से आवश्यक तैयारियां शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि स्कूल भवनों की स्थिति और उनमें आवश्यक सुधार के प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर पर भेजें। उन्होंने शासकीय स्कूल भवनों की सूची तैयार किये जाने के भी निर्देश दिए। मंत्री श्री सिंह बुधवार को उज्जैन में संभागीय स्तर की बैठक को संबोधित कर रहे थे।
मंत्री श्री सिंह ने कहा कि युवा शिक्षकों को सिंहस्थ की आवश्यक व्यवस्था में सहयोग देने के लिये अभी से प्रशिक्षण दिलाये जाने की व्यवस्था की जाये। बैठक में बताया गया कि उज्जैन जिले में 1733 शासकीय विद्यालय और 985 अशासकीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को शत् प्रतिशत निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों और साईकिल का वितरण किया जा चुका है। बैठक में परीक्षा परिणाम में वृद्धि के लिये प्रत्येक विद्यालय के विषय शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संभागीय स्तर पर शुरू किया जा चुका है। प्रत्येक विद्यार्थी की प्रोफाईल बनाई जा रही है। बैठक के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने ग्राम दाउखेड़ी में निर्माणाधीन सांदीपनि स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने संभाग के अन्य जिलों की स्कूल शिक्षा से संबंधित प्रगति की भी समीक्षा की।

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा

परिवहन मंत्री श्री सिंह ने उज्जैन में बुधवार को परिवहन विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित किया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि उज्जैन में मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लापरवाही एवं अनियंत्रित तरीके से वाहन चलाने वालों के विरूद्ध लायसेंस सस्पेंड की कार्रवाही की जाए। परिवहन मंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 के आयोजन को देखते हुए उज्जैन में परिवहन व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जाए। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाये जाने पर भी जोर दिया।
परिवहन सचिव श्री मनीष सिंह ने सिंहस्थ के दौरान यातायात को नियंत्रित करने के लिये पार्किंग व्यवस्था के लिये स्थल चयन और त्रिस्तरीय पार्किंग व्यवस्था की कार्ययोजना बनाने के लिये कहा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना को मूर्त रूप देने के लिये राज्य स्तर पर मध्यप्रदेश यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड कम्पनी का गठन किया जा चुका है। आयुक्त परिवहन श्री विवेक शर्मा ने राहवीर योजना अंतर्गत पात्र राहवीरों को प्रोत्साहन राशि समय पर दिलाये जाने की व्यवस्था करने के लिये कहा।

### मेट्रो के लिए एम.पी. ट्रांसको ने इंदौर में तैयार की 13 किमी कम्पोज़िट लाइन

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है किमध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए महत्वपूर्ण एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन का निर्माण कर उसे ऊर्जीकृत कर दिया है। अब मेट्रो के एम.आर.-10 सब स्टेशन को 132 के.व्ही. डबल सर्किट सप्लाई एम.पी. ट्रांसको के 220 के.व्ही. जैतपुरा सब स्टेशन से प्राप्त होगी। एमपी ट्रांसको इंदौर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर.के. अग्रवाल ने बताया कि जैतपुरा से एम.आर.-10 सब स्टेशन तक ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण घने आबादी वाले क्षेत्र से होकर गुजरने के कारण चुनौतीपूर्ण रहा। इस कारण एम.पी. ट्रांसको मुख्यालय जबलपुर के विशेषज्ञों द्वारा विशेष डिजाइन तैयार कर 12.77 किमी लंबी कम्पोज़िट लाइन का निर्माण कराया गया। इस लाइन में परंपरागत टावर के स्थान पर कम जगह मे लगने वाले नैरोबेस टावर,मोनोपोल टावर और 132 के.व्ही. अंडरग्राउंड केबल तीनों तकनीकों का समावेश किया गया। कुल 38 नैरोबेस टावर, 14 मोनोपोल तथा 0.777 किमी लंबी भूमिगत केबल का उपयोग कर लाइन तैयार की गई। इसके साथ ही जैतपुरा 220 के.व्ही. सब स्टेशन में 160 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर भी स्थापित किया गया है, इससे मेट्रो को सतत और भरोसेमंद विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



# पुणे-दानापुर-पुणे के मध्य स्पेशल ट्रेन

### पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** रेलवे द्वारा आगामी त्यौहारों दुर्गा, दिवाली एवं छठ पूजा पर यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01449/01450 पुणे-दानापुर-पुणे स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल से होकर अपने गंतब्य को जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के क्षेत्राधिकार में आने वाले समय-सारणी का विवरण निम्नानुसार है
पुणे-दानापुर-पुणे प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन (67-67 ट्रिप)
स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01449 पुणे से दानापुर स्पेशल ट्रेन 25 सितंबर से 30 नवंबर 2025 तक प्रतिदिन पुणे स्टेशन से दोपहर 15:30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी में सुबह 06:10 बजे, जबलपुर में सुबह 09:55 बजे, सतना में दोपहर 12:30 बजे पहुँचकर मार्ग से होते हुए और तीसरे दिन मध्यरात्रि 02:00 बजे दानापुर स्टेशन पहुँचेगी। (67 सेवाएं)
इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01450 दानापुर से पुणे स्पेशल ट्रेन 27 सितंबर से 2 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन दानापुर स्टेशन से प्रातः 05:00 बजे प्रस्थान कर प्रयागराज छिवकी दोपहर 12:55 बजे, सतना में रात 20:25 बजे, जबलपुर में रात 22:55 बजे, पहुँचकर अगले दिन इटारसी मध्यरात्रि 02:35 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन शाम को 18:15 बजे पुणे स्टेशन पहुँचेगी। (67 सेवाएं)
कोच कम्पोजीशन :- इस गाड़ी में 4 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 6 शयनयान श्रेणी, 6 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 18 कोच रहेंगे।
ट्रेन के हाल्टः- रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौड़ कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगाँव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा स्टेशनों पर रुकेगी। यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, एनटीइएस या रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन रेलवे वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

# भारतीय प्राकृतिक खेती समय की मांग - डॉ पी के मिश्रा




**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान क्षेत्र 9 जबलपुर का 46 वा स्थापना दिवस, डॉ राजवीर सिंह उपमहादेशक कृषि प्रसार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के मार्ग दर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ पीके मिश्रा माननीय कुलपति जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय जबलपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय पारंपरिक खेती आज के परिवेश के लिए आवश्यक है। उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के किसानों की उत्पादन और आय बढ़ाने के लिए अटारी और कृषि विज्ञान केन्द्रों की भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए डॉक्टर आर आर बी सिंह माननीय कुलपति दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग ने कृषि विज्ञान केन्द्रों को जलवायु आधारित तथा टिकाऊ खेती करने के लिए किसानों को को प्रेरित करने की सलाह दी। डॉक्टर रंजय कुमार सिंह सहायक निदेशक कृषि प्रसार, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने अटारी एवं कृषि विज्ञानं केन्द्रों को खरीफ में चलाये गए कृषि संकल्प अभियान की सफलता के लिए बधाई दी तथा रबी अभियान को सफल बनाने के लिए संस्थान और कृषि विज्ञान केन्द्रों को प्रेरित किया। डॉक्टर जे एस मिश्रा निदेशक खरपतवार अनुसंधान निदेशालय जबलपुर ने देश के किसानों के उत्तरोत्तर विकास के लिए कृषि विज्ञान केन्द्रों को और अधिक तत्परता से कार्य करने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत में अटारी जबलपुर के निदेशक डॉक्टर एसआरके सिंह ने अटारी के कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। विशिष्ठअतिथि पदम् श्री बाबूलाल दहिया ने अपने अनुभव साझा किया और मोटे अनाजों के महत्व पर विशेष चर्चा की। उन्होंने बताया कि आज के समय में वह 300 से ज्यादा देसी किस्मों के बीजो का संरक्षण कर रहे हैं। साथ में उन्होंने किसानों को गो-पालन करने की सलाह दी जिससे फसल अवशेषों को हम उनको खिलाये, उनके दूध का खुद उपयोग करें उसके गोबर को धरती माता को समर्पित करें जिससे एक चक्र बना रहे और खेत की मिट्टी के स्वास्थ्य के साथ-साथ गुणवत्ता युक्त उत्पादन भी हो। कार्यक्रम को डॉक्टर धीरेंद्र खरे डीन फैकल्टी, डॉक्टर दिनकर शर्मा संचालक विस्तार जेएनकेवीवी जबलपुर, डॉक्टर वाय पी सिंह संचालक विस्तार सेवाएं आरवीएसकेविवि ग्वालियर, डॉ एस एस टुटेजा संचालक विस्तार सेवाएं आईजीकेवीवी रायपुर, डॉ सुनील नायक संचालक विस्तार सेवाएं एनडीवीएसयू जबलपुर ने भी अपने अपने विचारों से संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथियों का स्वागत डॉ रजनीश श्रीवास्तव ने किया और डॉक्टर ए ए रावत ने धन्यवाद व्यापित किया। कार्यक्रम में संस्थान प्रबंधन समिति के सदस्य श्री विश्वेश्वर साहू, मुकेश तिवारी, जबलपुर एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए प्रगतिशील किसान, अटारी के अधिकारी /कर्मचारी कृषि विज्ञान केन्द्रों के अध्यक्ष, वैज्ञानिक सहित 200 से ज्यादा लोग जुडें रहे। कार्यक्रम में संस्थान नव नियुक्त अधिकारियों/ कर्मचारियों का स्वागत तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव पेटलावद से प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में करेंगे 1541 करोड़ से अधिक राशि का अंतरण

## 345 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**भोपाल/जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 12 सितंबर शुक्रवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के पेटलावद से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनान्तर्गत प्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में 28वीं किश्त के 1541 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत प्रदेश के 53.48 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों के खातों में 320.89 करोड़ से अधिक राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के एलपीजी कनेक्शनधारी उपभोक्ता एवं गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत पंजीकृत लाड़ली बहनों एवं विशेष पिछड़ी जनजाति की आर्थिक योजनान्तर्गत पंजीकृत 31 लाख से अधिक बहनों के खातों में 450 रूपये गैस रिफिल की 48 करोड़ से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण भी करेंगे।

### 345.34 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झाबुआ जिले के 345.34 करोड़ रूपये लागत के 72 से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। जिसमें विभिन्न विभागों के 194.56 करोड़ रूपये के 35 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 150.78 करोड़ रूपये लागत के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

### झाबुआ के संजीवक पुस्तक का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिला प्रशासन द्वारा तैयार जनजातीय आयुर्वेदिक परंपरा एवं चिकित्सा ज्ञान पर केंद्रित पुस्तक ÷झाबुआ के संजीवक÷ का विमोचन करेंगे। जिले में जड़ी बूटियों से उपचार का समृद्ध ज्ञान जनजातीय वर्ग में सदियों से विद्यमान है। जनजातीय संस्कृति एवं परंपरा के समृद्ध ज्ञान को विलुप्त होने से बचाने के लिए ÷डुंगर बाबा नी जड़ी बूटियों नु जोवनार÷ की जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन कर दस्तावेजीकरण कर पुस्तक के रूप में संकलित किया गया है।

### दिव्यांगजनों को कस्टमाईज्ड व्हीकल प्रदान करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बीपीएल परिवार के 11 दिव्यांग हितग्राहियों को चार पहिया पेट्रोल चलित मोटर साईकिल का वितरण भी करेंगे।

# जबलपुर में विधायक का तलवार से केक काटने का वीडियो वायरल

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** बरगी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नीरज सिंह का जन्मदिन बीते दिन उनके समर्थकों ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान आयोजित समारोह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसने राजनीतिक हलकों के साथ आम जनता में भी चर्चा छेड़ दी है।

वीडियो में विधायक नीरज सिंह समर्थकों के बीच मंच पर खड़े होकर तलवार से केक काटते नजर आ रहे हैं। एक अन्य वीडियो में वे म्यान से तलवार निकालते हुए दिखाई देते हैं। जैसे ही उन्होंने तलवार से केक काटा, मंच पर मौजूद भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक नारेबाजी करते हुए उन्हें बधाई देते रहे। पूरा माहौल उत्सव जैसा था और समर्थकों ने इसे एक ÷रॉयल स्टाइल÷ समारोह करार दिया। यह वीडियो भाजपा तिलवारा मंडल अध्यक्ष मनीष शुक्ला ने सोशल मीडिया पर साझा किया। देखते ही देखते यह वीडियो वायरल हो गया और प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया। कुछ लोगों ने इस तरीके को परंपरागत और प्रतीकात्मक बताया, वहीं कई लोगों ने इसे अनुचित और असंवेदनशील ठहराया।

### सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएँ

वीडियो वायरल होने के बाद आम नागरिकों ने भी अपनी राय दी। राजकुमार साहू नामक एक यूज़र ने टिप्पणी की कि यदि कोई आम आदमी सार्वजनिक स्थान पर तलवार से केक काटता, तो पुलिस तत्काल कार्रवाई करती, लेकिन विधायक होने की वजह से शायद ही कोई कार्यवाही होगी। वहीं, प्रिया कुमारी नाम की यूज़र ने लिखा कि ÷कानून केवल आम जनता के लिए है, नेताओं पर यह लागू नहीं होता।÷ इन टिप्पणियों ने इस घटना को और अधिक राजनीतिक रंग दे दिया है।

### कानून और विशेषाधिकारों पर बहस



यह मामला अब कानून और जनप्रतिनिधियों के विशेषाधिकारों के बीच संतुलन की बहस को जन्म दे रहा है। आम नागरिकों का कहना है कि यदि छोटे-छोटे मामलों में आम लोगों पर कार्रवाई की जाती है, तो नेताओं को भी उन्हीं नियमों का पालन करना चाहिए। लोगों ने यह सवाल भी उठाया कि सार्वजनिक समारोह में हथियार जैसे प्रतीक का इस्तेमाल क्या कानूनन और सामाजिक दृष्टिकोण से सही है।

### समर्थकों का पक्ष

दूसरी ओर, विधायक के समर्थकों का कहना है कि यह महज़ एक प्रतीकात्मक और पारंपरिक तरीका था। उनका तर्क है कि इसमें किसी तरह की अवैधानिक गतिविधि शामिल नहीं थी। उनका मानना है कि विरोधी दल और कुछ लोग इस घटना को अनावश्यक रूप से विवाद का रूप दे रहे हैं।अब तक न तो प्रशासन और न ही पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने आया है। इस कारण यह सवाल और तेज़ हो गया है कि यदि यह मामला किसी आम व्यक्ति से जुड़ा होता तो क्या स्थिति अलग होती।फिलहाल, यह जन्मदिन समारोह केवल एक निजी उत्सव नहीं रहा बल्कि राजनीति और जनभावनाओं के बीच एक गंभीर बहस का मुद्दा बन गया है। तलवार से केक काटने जैसी प्रतीकात्मक कार्रवाई ने नेताओं की जिम्मेदारी, जनता की अपेक्षाएँ और कानून के समान अनुपालन पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं।

## गंगा नगर गढ़ा के प्रसिद्ध बीकानेर स्वीट पर गंदगी मिलने पर दस हजार रुपये का जुर्माना



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** नगर निगम स्वच्छता अभियान के तहत लगातार शहर में होटलों और खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर रहा है। इसी क्रम में आज नगर निगम स्वास्थ्य विभाग और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया। जांच के दौरान गंगा नगर गढ़ा स्थित प्रसिद्ध मिष्ठान भंडार बीकानेर स्वीट में गंदगी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की गई। जांच टीम ने जब प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया तो कारखाने के अंदर अत्यधिक गंदगी फैली हुई मिली। मिठाइयों में मरे हुए कीड़े पाए गए और कारखाने से निकलने वाला गंदा पानी सीधे नाली में छोड़ा जा रहा था। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए नगर निगम और खाद्य विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए संचालक पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कार्रवाई के संबंध में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक संतोष माहौर ने बताया कि स्वच्छता नियमों के उल्लंघन और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गंगा नगर स्थित इस प्रतिष्ठान में साफ-सफाई की बेहद खराब स्थिति मिली, जिसके चलते तत्काल चालानी कार्रवाई की गई। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक राम कोरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सारिका दीक्षित, सुपरवाइजर मनोहर, मोजेस और संतोष भी मौजूद रहे। टीम ने साफ संदेश दिया है कि जो भी प्रतिष्ठान स्वच्छता मानकों का पालन नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध इसी तरह कठोर कदम उठाए जाएंगे। नगर निगम का कहना है कि स्वच्छता को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले प्रतिष्ठानों पर आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# मवेशियों से भरा कंटेनर पकड़ा

## 60 से अधिक गोवंश ठूंस-ठूंसकर भरे थे, 11 की मौत...!

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** बरगी रोड पर आज गोवंश से भरा कंटेनर पकड़ा गयाए जिसमें 60 से ज्यादा गोवंश ठूंस-ठूंसकर भरे हुए थे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की सूचना पर हाईवे से कंटेनर को पकड़कर बरगी पुलिस ने कब्जे में लिया। हालांकि मौका मिलते ही ड्राइवर कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर ट्रक मालिक और अज्ञात चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।



बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि रीवा,कटनी, सतना की ओर से नागपुर की ओर बड़ी संख्या में गोवंश को भरकर ले जाया जाता है। दोपहर को जैसे ही बजरंग दल को पता चला कि एक बड़े कंटेनर में गोवंश ले जाए जा रहे हैं। कार्यकर्ता बरगी पुलिस के साथ तिनसी गांव के पास पहुंचे और कंटेनर को रोकने की कोशिश की। चालक ने सड़क किनारे वाहन को रोका और फरार हो गया।

पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में लिया और दरवाजा खोला तो देखकर दंग रह गए। पुलिस ने कंटेनर का गेट खोला तो देखा कि क्रूरतापूर्वक गोवंश भरे हुए हैं। कुछ जिंदा थे तो कुछ मर गए थे। पुलिस ने पशु चिकित्सा विभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाकर घायल गोवंशों का इलाज करवाया। कंटेनर में 11 गोवंश की मौत हो चुकी थी। डॉक्टर के अनुसार ऑक्सीजन की कमी और खराब परिस्थितियों के कारण कई मवेशी मृत पाए गए। जबकि कुछ की हालत गंभीर थी।

# मैनिट की रिपोर्ट कोर्ट में पेश, हाईकोर्ट ने किया कटाक्ष, जैसा नक्शा, वैसा ब्रिज बनाया, ठेकेदार को मेडल मिलना चाहिए



**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** एमपी की राजधानी भोपाल के चर्चित 90 डिग्री ब्रिज मामले की सुनवाई जबलपुर हाईकोर्ट की डिविजनल बेंच में हुई। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की बेंच में मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मैनिट) भोपाल के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की जांच रिपोर्ट पेश की गई।

रिपोर्ट के बिंदुओं को देखने के बाद चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने सरकारी वकील से सवाल किया कि जब ठेकेदार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के निर्देशों के अनुसार ही काम किया है] तो फिर उस पर कार्रवाई क्यों की गई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ठेकेदार को सजा नहीं, बल्कि मेडल मिलना चाहिए। अदालत की इस टिप्पणी से साफ संकेत मिला कि ठेकेदार को दोषी ठहराने और ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। रिपोर्ट में सामने आया कि पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदार पुनीत चड्ढा को जो जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग दी थी, उसमें पुल का एंगल 119 डिग्री दर्शाया गया था।

जांच में बने पुल का एंगल 118 डिग्री से थोड़ा ज्यादा पाया गया। दोनों ही माप लगभग समान बताए गए। रिपोर्ट के अनुसार ठेकेदार ने विभाग द्वारा दिए गए नक्शे के अनुसार ही निर्माण कार्य किया है। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सरकार और पीडब्ल्यूडी से जवाब मांगा है। सरकार की ओर से पेश वकील ने अदालत से समय मांगते हुए कहा कि उन्हें रिपोर्ट का अध्ययन करने और जवाब दाखिल करने का अवसर दिया जाए। हाई कोर्ट ने मांग स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई की तारीख 23 सितंबर को तय की गई है।

# बंदियों को बताया मानसिक स्वास्थ्य का महत्व, जबलपुर केंद्रीय जेल में आत्महत्या रोकथाम दिवस पर की काउंसलिंग

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के मौके पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व और आत्महत्या के विचारों से निपटने के तरीकों के बारे में शिक्षित करना था।



इस कार्यक्रम को मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता समृद्धि सिंह बघेल की संस्था द कनेक्ट हट व अनकही आत्महत्या रोकथाम हेल्प लाइन के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बंदियों को बताया गया कि आत्महत्या के विचार आना किसी मानसिक पीड़ा का ही लक्षण है। अक्सर जो लोग इस दर्द से गुजर रहे होते हैं। वे मदद मांगने या अपनी बात कहने में झिझकते हैं। इस कार्यक्रम में इसी बात पर जोर दिया गया कि हर व्यक्ति को अपने दर्द को व्यक्त करने और मदद मांगने का पूरा अधिकार है। मनोवैज्ञानिक तेज सिंह ठाकुर ने भी बंदियों को बताया कि जीवन कितना अनमोल है। उन्होंने उन लोगों को प्रेरित किया जो मानसिक पीड़ा से जूझ रहे हैं कि वे अपने दर्द को दूसरों के साथ साझा करें। उन्होंने यह भी बताया कि अगर वे किसी ऐसे व्यक्ति को जानते हैं जो ऐसी स्थिति में है तो वे उसकी मदद करें। यह कार्यक्रम बंदियों के बीच मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम था। इसमें उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, अरविंद दांगी और कल्याण अधिकारी सरिता धारू भी उपस्थित थे। इस पहल से जेल में बंद लोगों को यह महसूस करने में मदद मिलेगी कि वे अकेले नहीं हैं और जब भी उन्हें जरूरत हो, सहायता उपलब्ध है।

# नवागत कलेक्टर ने ग्रहण किया कार्यभार

## अधिकारियों के साथ की परिचात्मक बैठक,राजस्व रिकार्ड रूम का किया अवलोकन

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** नवागत कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने आज अपरान्ह कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व कलेक्टर श्री सिंह ने नर्मदा पूजन कर जिले की बेहतरी के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी राजस्व व अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों के साथ की परिचात्मक बैठक





नव पदस्थ कलेक्टर श्री सिंह ने आज पदभार ग्रहण करने के पश्चात सभी जिला अधिकारियों के साथ परिचात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उनके विभागीय कार्यों व प्रगति की जानकारी भी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता के विषयों को गंभीरता से देखें व उन्हें क्रियान्वित करें। आमजन की समस्याओं का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सीएम हेल्पलाईन व अन्य जन शिकायतों से संबंधित प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में व संतुष्टि के साथ करना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा कि आदि सेवा पर्व एक बड़ा अभियान है, जो 17 सितम्बर से शुरू हो रहा है, अतः इस दिशा में कार्य करना शुरू कर दें। 17 सितम्बर को आयोजित ब्लड डोनेशन कैम्प के संबंध में भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में खाद वितरण की सतत् मॉनिटरिंग करते रहे, ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि 18 सितम्बर को राजा शंकरशाह-कुंवर रघुनाथाशाह के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम प्रस्तावति है, अतः इसकी भी तैयारी कर ली जाये। शासन की प्राथमिकता के विषयों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना व पेंशन के सभी प्रकरणों का निराकरण समय पर करें। नवरात्रि व दशहरा पर्व के दौरान कानून व्यवस्था की चर्चा करने के साथ ही नमो मैराथॉन व ग्राम स्तर पर नमो उपवन के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिये।

### कलेक्टर सिंह ने देखा राजस्व रिकार्ड रूम

कलेक्टर श्री सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात कलेक्टर कार्यालय स्थित अपडेटिड राजस्व रिकार्ड रूम का अवलोकन किया और इसके संबंध में संबंधित अधिकारी से आवश्यक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट भवन में स्थित अन्य विभागों के कार्यालयों को भी देखा।

# जबलपुर में बदलता मौसम शाम से शुरू हुई बारिश और तूफ़ानी आसार

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** मौसम ने अचानक करवट ली और पूरे शहर में शाम ढलते ही बारिश ने दस्तक दे दी। दिन भर आसमान पर बादलों का डेरा था और भारतीय मौसम विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने पहले ही चेतावनी जारी कर दी थी कि जबलपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में दोपहर बाद से तूफानी बारिश की संभावना है। चेतावनी सच साबित हुई और शाम होते-होते शहर के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी शुरू हुई, जो धीरे-धीरे मूसलधार बारिश में बदल गई

मौसम विभाग की क्षेत्रीय वेधशाला ने पहले ही सूचना दी थी कि बंगाल की खाड़ी से उठी नमी भरी हवाएँ मध्यप्रदेश के कई जिलों की ओर बढ़ रही हैं, जिसके चलते बारिश और तूफ़ानी गतिविधियां देखने को मिलेंगी। जबलपुर भी इस सिस्टम के प्रभाव में है और अगले चौबीस घंटे तक मौसम में बदलाव जारी रह सकता है। विभाग ने नागरिकों को सतर्क रहने और अनावश्यक बाहर न निकलने की सलाह दी है।

ढ्ढरूष्ठ भोपाल विभाग ने मंगलवार 11 सितम्बर को सुबह जारी बयान में कहा कि ÷बंगाल की खाड़ी से सक्रिय नमी भरी हवाएँ मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रही हैं। जबलपुर सहित आसपास के जिलों में दोपहर बाद से बादल छाए रहने की संभावना है। शाम से कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश एवं तूफ़ानी गतिविधियां हो सकती हैं। नागरिक कृपया सतर्क रहें, खुले स्थानों से बचें, और बिजली गिरने की आशंका के मद्देनजर सावधानी बरतें।÷

### 12 सितम्बर का पूर्वानुमान और मौसम की चेतावनी



IMD के aNWP-IMD WEATHER FORECAST FOR MAJOR CITIESÓ डेटा के अनुसार 12 सितम्बर को जबलपुर में अधिकतम तापमान 32एष्ट होने की संभावना है जबकि न्यूनतम तापमान 24एष्ट के आसपास रहेगा। दिन भर आर्द्रता अधिक बनी रहने की संभावना है – अधिकतम आर्द्रता लगभग 94त्न और न्यूनतम लगभग 66त्न हो सकती है।

बारिश की दृष्टि से देखा जाए तो 12 को दिन में ÷isolated thunderstorms" यानी बिखरी हुई तूफ़ानी गतिविधियाँ हो सकती हैं। यह मतलब है कि सभी जगह भारी बारिश नहीं होगी, लेकिन कुछ-कुछ भागों में तीव्र बारिश के साथ तूफ़ान की संभावना है। अनुमानित बारिश की मात्रा लगभग 9 मिमी तक हो सकती है। शाम के समय यात्रा से बचें, खासकर मोटर वाहन से, जब बारिश या विज़िबिलिटी कम हो।

बिजली गिरने की आशंका के कारण खुले स्थानों पर न रुकें। पेड़ों, तार-बल्ब आदि असुरक्षित संरचनाओं से दूर रहें।

जबलपुर में शाम से शुरू हुई बारिश ने जहाँ गर्मी और उमस से राहत दी, वहीं तेज़ हवाओं और तूफ़ान की आशंका ने लोगों की चिंता भी बढ़ा दी है। मौसम विभाग की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है और लोगों को भरोसा दिलाया गया है कि आवश्यक जानकारी समय-समय पर साझा की जाएगी। बरसात के इस दौर ने एक ओर किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है, तो दूसरी ओर शहरवासियों को सतर्क रहने का संदेश भी दिया है। आने वाले दिनों में बारिश का रुख कैसा रहेगा, इस पर सबकी नज़रें टिकी हैं, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि जबलपुर में मानसून की यह वापसी सामान्य जीवन को प्रभावित करने के साथ-साथ राहत और चुनौतियां दोनों साथ लेकर आई है।

# जिले के 86 छात्राओं सहित 162 विद्यार्थियों को मिली स्कूटी



### खुशी से खिल उठे चेहरे

**जबलपुर/ प्रतिनिधि।** शासकीय स्कूलों में कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले के 162 छात्र-छात्राओं को आज पंडित लज्जा शंकर झा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्कूटी का वितरण किया गया। स्कूटी पाकर सभी छात्र-छात्राओं के चेहरे चमक उठे। इन छात्र-छात्राओं ने स्कूटी मिलने पर अपनी खुशी का इजहार करते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल में आयोजित स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा बारहवीं में प्रथम आने वाले प्रदेश के 7 हजार 832 छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की। जबलपुर जिले में स्कूटी प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों में 86 छात्राएं शामिल हैं। स्कूटी वितरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में महापौर श्री जगत बहादुर सिंह ÷अन्नू÷, विधायक श्री अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे, श्री नीरज सिंह ठाकुर एवं श्री संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया, नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकुज विज, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, सहायक संचालक शिक्षा आर के बधान भी मौजूद थे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक अंकित शर्मा, संपादक शीलू शर्मा द्वारा जवाहर नगर गाली नं. 10 सतना से प्रकाशित तथा अंकित शर्मा द्वारा कोरल ऑफसेट सतना द्वारा मुद्रीत करवाकर प्रकाशित।
समस्त न्याय क्षेत्र सतना होगा। Mail id : udghoshsamay@gmail.com Mob. 7987290705